# Amazon सप्लाय चेन मानक

Amazon में हम इस बात का अच्छी तरह ध्यान रखते हैं कि हम जो भी उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करते हैं, उन्हें मानवाधिकारों और पर्यावरण को ध्यान में रखकर बनाया गया हो और उनसे कामगारों की बुनियादी गरिमा सुरक्षित रहे. हम इन्हीं सिद्धांतों पर अमल करने वाले सप्लायर के साथ काम करते हैं और हमने Amazon व Amazon की सहायक कंपनियों को माल और सेवा देने वाले सप्लायर के लिए बिल्कुल ऐसे ही कड़े मानक तय किए हैं. ये मानक आईएलओ द्वारा कार्यस्थल पर मूलभूत सिद्धांतों और अधिकारों के संबंध में की गई घोषणा और संयुक्त राष्ट्र की सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा सहित व्यवसाय और मानवाधिकारों के संबंध में बनाए गए मार्गदर्शक सिद्धातों और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के मुख्य समझौतों से लिए गए हैं. इन नीतियों की व्याख्या करते समय, हम आईएलओ की मार्गदर्शक सामग्री और परिभाषाओं का अनुसरण करते हैं.

सप्लायर के संबंध में हमारी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं की विस्तृत जानकारी नीचे हमारी सप्लायर आचार संहिता (सप्लायर संहिता) में दी गई है. सप्लायर के तहत, हमारी सप्लाय चेन के उत्पाद सप्लायर (जैसे लाइसेंसधारी, निर्माता, उत्पादन) और Amazon के खुदरा व्यापार में मदद करने वाले सप्लायर (जैसे तृतीय पक्ष श्रम एजेंसियाँ, परिवहन सेवा प्रदाता) शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं. सप्लायर को सभी लागू कानूनों और हमारी सप्लायर संहिता का पालन करना होगा, भले ही इस सप्लायर संहिता में लागू कानून की आवश्यकताओं से अधिक नियम हों.

इन मानकों को लागू करने की हमारी प्रक्रिया में, हम इन मुख्य सिद्धांतों का पालन करते हैं:

1. समावेशन: हमारे मानक नस्ल, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, लैंगिक पहचान, यौन उन्मुखता, धर्म, अक्षमता, आयु, राजनैतिक विचारधारा, गर्भावस्था, प्रवासी स्थिति, जातीयता, वर्ग, वैवाहिक या पारिवारिक स्थिति या ऐसी ही निजी विशेषताओं पर ध्यान दिए बिना सभी कर्मचारियों पर लागू होते हैं. हम मानते हैं कि ये समूह हमारी सप्लायर संहिता में बताए गए मुद्दों से असंगत रूप से प्रभावित हो सकते हैं और शोषण के प्रति अधिक असुरक्षित हो सकते हैं. हम विशेष रूप से इन समूहों के जोखिम दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने सप्लायर के साथ मिलकर उन परिस्थितियों का मूल्यांकन और समाधान कर रहे हैं जो उनके सामने आ सकती हैं लेकिन हमारी सप्लायर संहिता में वे अलग से बताई नहीं गई हैं.

2. निरंतर सुधार: Amazon निरंतर सुधार की नीति पर चलता है और हम अपने सप्लायर के साथ मिलकर उनके कर्मचारियों और कार्यस्थल की सुरक्षा को बेहतर बनाने पर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. यदि सप्लायर हमारी सप्लायर आचार संहिता पर अमल करने में विफल रहता है, तो हम उससे अपना संबंध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, हालाँकि हम हमेशा अपने कामगारों के हितों को सबसे पहले महत्व देने का प्रयास करते हैं. यदि कोई सप्लायर किसी मूल्यांकन में सहयोग नहीं करता है, किसी अपेक्षित कार्यप्रणाली या रवैये में परिवर्तन को नकार देता है, समय के साथ प्रगति या सुधार के उपाय नहीं करता है अथवा रिकॉर्ड की जालसाज़ी में या उन्हें तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने में या दूसरी गैर-कानूनी या कपटपूर्ण गतिविधि में संलग्न रहता है, तो संबंध को समाप्त माना जाएगा.

3. सप्लाय चेन का उत्तरदायित्व: यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये मानक हमारी पूरी सप्लाय चेन में लागू हों, हम सप्लायर से यह अपेक्षा करते हैं कि इन मानकों को अपने संचालनों और सप्लाय चेन में लागू करें और निगरानी रखें. इसके अलावा वे हमारी सप्लायर संहिता में दर्शाई गई हमारी और हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने या उससे कहीं बेहतर देने के लिए सुधार करें. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि अनुरोध करने पर वे सभी सबकॉन्ट्रैक्टर या लेबर एजेंट की जानकारी दें. उनसे यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे अपने सबकॉन्ट्रैक्टर और लेबर एजेंट से हमारी सप्लायर संहिता में बताए गए मानकों और कार्यप्रणालियों का पालन करवाएँ. सबकॉन्ट्रैक्ट पर उत्पाद तैयार करवाने वाले सप्लायर के लिए यह ज़रूरी है कि वे अपने सबकॉन्ट्रैक्टर के साथ मिलकर इस सप्लायर संहिता को अपनाने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के हर ज़रूरी कदम उठाएँ. हम मानते हैं कि सप्लाय चेन में नीचे के स्तर वाले सप्लायर और अनियमित क्षेत्र के सप्लायर को इन मानकों के अनुसार चलने में समय लग सकता है. हमारी नीतियों को समझने में सप्लायर की सहायता के लिए, हम उनके साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. जब हम इन सप्लायर से सप्लायर संहिता के सभी लागू पहलूओं को पूरा करने की अपेक्षा करते हैं, तो इन अपेक्षाओं को लागू करते समय सप्लायर के आकार और संरचना (जैसे परिवार का व्यवसाय, छोटे व्यवसाय, घर से काम करने वाले) पर विचार किया जाएगा.

# सप्लायर की आचार संहिता

किसी सेक्शन पर जाने के लिए क्लिक करें:

| श्रमिक के अधिकार | स्वास्थ्य और सुरक्षा | पर्यावरण | संघर्ष खनिज और भूमि के अधिकार | नैतिक व्यवहार | प्रबंधन प्रणालियाँ |
|---|---|---|---|---|---|

## श्रमिक के अधिकार

**1. बाल श्रम.** Amazon बाल श्रम बर्दाश्त नहीं करता है. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे कामगारों को काम पर रखें, जो: (i) 15 वर्ष के हों, (ii) जिनकी उम्र अनिवार्य शिक्षा पूरी करने की उम्र के बराबर हो, या (iii) जहाँ काम किया जाता है, उस देश में काम करने के लिए निर्धारित की गई न्यूनतम उम्र के बराबर हो, चाहे इनमें से जो भी अधिक हो. इसके अलावा, 18 वर्ष से कम आयु के कर्मचारी ("बाल श्रमिक") जोखिम वाला काम बिल्कुल नहीं करेंगे, जो संभावित रूप से उनके स्वास्थ्य या सुरक्षा को खतरे में डाले या उनकी शिक्षा के साथ समझौता करे (जैसे रात पाली, ओवरटाइम).

*हल्का काम:* अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों के अनुसार, हल्के और बिना जोखिम वाले काम की कुछ परिस्थितियों में अनुमति है, जिसके तहत बच्चा अपने अभिभावकों या रिश्तेदारों की सहायता उस सीमा में करता है जिससे उसकी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्कूलिंग, या निजी और शारीरिक विकास में कोई बाधा न पहुँचे. हर परिस्थिति में, सप्लायर को बाल श्रम कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों का पालन करना होगा.

**2. छात्र कर्मचारी.** Amazon ऐसे विधि-सम्मत कार्यस्थल पर प्रशिक्षु कार्यक्रमों के विकास का समर्थन करता है जो छात्रों के शैक्षणिक लक्ष्य में सहायक हैं और Amazon की सप्लायर संहिता और लागू स्थानीय कानूनों का पालन करते हैं. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे छात्रों के रिकॉर्ड के उचित प्रबंधन, शैक्षणिक साझेदारों की कठोर जाँच-पड़ताल, और लागू कानून और विनियमों के अनुसार छात्रों के अधिकारों की सुरक्षा के द्वारा छात्र कर्मचारियों का सावधानी से प्रबंधन करें. स्थानीय कानून के न होने की स्थिति में, छात्र कर्मचारियों, इंटर्नशिप करने वालों, प्रशिक्षुओं के वेतन की दर उस कम से कम वेतन के बराबर होनी चाहिए जो ऐसे ही या मिलते-जुलते काम को करने वाले दूसरे शुरुआती स्तर के कर्मचारियों को मिलता है. प्रशिक्षु कार्यक्रमों की एक सीमित अवधि होनी चाहिए या कार्यक्रम की समाप्ति पर पूर्ण-कालिक रोज़गार की शुरुआत के रूप में देखा जाना चाहिए.

**3. अनैच्छिक श्रम, मानव तस्करी और दासता.** Amazon सप्लायर को बलपूर्वक काम नहीं करवाना चाहिए—जैसे दासता, कैद, ठेका, बंधुआ या अन्य कोई तरीका. Amazon ऐसे सप्लायर को बर्दाश्त नहीं करता है जो कर्मचारियों की तस्करी करते हैं या दूसरे तरीके जैसे भय, दबाव, जबरदस्ती, अपहरण या धोखे से कर्मचारियों का शोषण करते हैं. सभी काम स्वेच्छा से होना चाहिए, और कर्मचारियों को काम छोड़ने और रोज़गार या काम की अन्य स्थिति को उचित सूचना के साथ समाप्त करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए. कर्मचारियों को उनके रोज़गार के लिए उनके देश में या जहाँ पर काम होता है उस देश में भर्ती, काम पर रखने, एजेंट या ब्रोकर का शुल्क या अन्य संबंधित शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के दौरान, यहाँ तक कि भर्ती प्रक्रिया में सप्लायर के सीधे नियंत्रण से बाहर लिए जाने वाले ऐसे किसी भी शुल्क को वहन करेंगे या उसकी प्रतिपूर्ति करेंगे. कर्मचारियों पर लगाए गए सभी शुल्क और खर्चों के बारे में Amazon को बताया जाना चाहिए और रोज़गार या काम से पहले कर्मचारियों को उनकी स्थानीय भाषा में बताया जाना चाहिए.

Amazon हमारे सप्लायर से यह अपेक्षा भी करता है उनके तृतीय-पक्ष लेबर एजेंट या ब्रोकर हमारी सप्लायर संहिता में बताए गए मानकों और कार्यप्रणालियों का पालन करें. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उन भर्ती एजेंसियों और लेबर ब्रोकरों के क्रियाकलापों की छान-बीन करें और निगरानी रखें और ऐसी एजेंसियों की सेवा लें जो नैतिकता से काम करती हैं और श्रम अनुबंध करते समय कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखती हैं. सप्लायर को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी कर्मचारी या भर्ती एजेंसियाँ हमारी सप्लायर संहिता का पालन करती हैं, साथ ही जहाँ पर काम हो रहा है उस देश और कर्मचारी के गृह देश के लागू कानूनों का पालन करती हैं.

सप्लायर कर्मचारियों से उनके सरकारी पहचान पत्र, पासपोर्ट या वर्क परमिट को रोज़गार की शर्त के तौर पर अपने पास नहीं रख सकते. सप्लायर ऐसे दस्तावेज़ों को केवल विधि-सम्मत प्रशासकीय और अप्रवास की प्रक्रिया पूरी करने के लिए समुचित आवश्यक सीमा तक अस्थायी तौर पर रख सकते हैं. कर्मचारियों को उनको समझ आने वाली भाषा में रोज़गार के नियमों और शर्तों को बताने वाले स्पष्ट, समझने योग्य दस्तावेज़ दिए जाने चाहिए.

4. प्रवासी कर्मचारी: Amazon अपने कर्मचारियों से अपेक्षा करता है कि वे घरेलू और विदेशी प्रवासी कर्मचारियों के होने वाले शोषण के जोखिमों पर विशेष रूप से ध्यान देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि इन मानकों के विषय में प्रवासी कर्मचारियों के साथ भेद-भाव न हो. हमारे सप्लायर केवल उन कर्मचारियों को काम पर रखेंगे जिनके पास काम करने का कानूनी अधिकार है, जब तक कि कर्मचारी शरणार्थी लोगों के लिए स्वीकृत योजना से संबद्ध न हों (इस स्थिति में Amazon इन प्रोजेक्ट के हर केस का अलग से मूल्यांकन करेगा). यदि सप्लायर विदेशी या घरेलू प्रवासी कर्मचारियों को काम पर रखते हैं, तो ऐसे कर्मचारियों को मेज़बान देश के अप्रवासन और श्रम कानूनों के पूर्ण अनुपालन में ही काम पर रखा जाना चाहिए. कर्मचारियों के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वे समुचित या कानूनी तौर पर लागू सूचना देकर बिना किसी जुर्माने के अनुबंध को स्वैच्छिक रूप से समाप्त कर सकें. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सभी कर्मचारियों, विशेषकर प्रवासी कर्मचारियों के रिकॉर्ड अप-टू-डेट रखें; इसमें अनुबंध की मूलभूत शर्तें और कर्मचारियों के काम शुरू करने और छोड़ने के दिनांक शामिल हैं.

5. वेतन और लाभ. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कर्मचारियों को समय पर भुगतान करें और कम से कम इतनी प्रतिपूर्ति (ओवरटाइम और लाभों के भुगतान सहित) दें जो लागू कानूनों के अनुसार हो. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कर्मचारियों को वह आधार प्रदान करें जिस पर कर्मचारियों को पे स्लिप या ऐसे ही दस्तावेज़ों के द्वारा समय पर भुगतान किया जाता है. अनुशासनात्मक कार्रवाई के रूप में वेतन से कटौती की अनुमति नहीं है. इसके अलावा, हम अपने सप्लायर को इस बात के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि वे नियमित रूप से यह मूल्यांकन करते रहें कि कर्मचारियों को उनकी मूलभूत आवश्यकताओं और उनके परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त पैसा मिल रहा है या नहीं.

6. कार्य के घंटे. Amazon सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि वे कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए काम के घंटों की निगरानी रखें. विशेष या आपातकालीन स्थितियों के अलावा, (i) सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे काम के लिए प्रति सप्ताह अधिक से अधिक 60 घंटे तय करें, जिसमें ओवरटाइम शामिल है और (ii) प्रत्येक कर्मचारी को हर सात दिनों की कार्य अवधि में कम-से-कम एक दिन का अवकाश अवश्य दें. हर परिस्थिति में, काम के घंटे कानून द्वारा अनुमत अधिकतम अवधि से अधिक नहीं होने चाहिए.

7. भेदभाव का विरोध. Amazon सप्लायर यह अपेक्षा करता है कि वे भर्ती प्रक्रिया और कार्यप्रणाली जैसे नौकरी के आवेदन, पदोन्नति, कार्य असाइनमेंट, प्रशिक्षण, वेतन, लाभ और रोज़गार की समाप्ति के लिए नस्ल, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, लैंगिक पहचान, यौन उन्मुखता, धर्म, अक्षमता, आयु, राजनैतिक विचारधारा, गर्भावस्था, प्रवासी स्थिति, जातीयता, वर्ग, वैवाहिक या पारिवारिक स्थिति या ऐसी ही निजी विशेषताओं के आधार पर भेद-भाव नहीं करेंगे. सप्लायर बलपूर्वक गर्भावस्था या HIV की जाँच नहीं कराएँगे. कर्मचारियों या आवेदकों के लिए आवश्यक सभी मेडिकल जाँचों को भेदभाव वाले आचरण में नहीं किया जाना चाहिए. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमियों के कर्मचारियों के लिए ज़रूरी व्यवस्था करवाएँगे और साथ ही सभी को रोज़गार के बराबर अवसर देने वाली एक ऐसी रोज़गार नीति अपनाएँगे, जो रोज़गार संबंधी व्यवहारों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देती हो. हम अपने सप्लायर को मातृत्व अवकाश देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं.

8. न्यायपूर्ण व्यवहार. सभी कर्मचारियों से सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए. हमारे सप्लायर को शारीरिक तौर पर, बोलकर या मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार या पीड़ा देने वाले काम में शामिल नहीं रहना चाहिए और न होने देना चाहिए, जिसमें हिंसा की धमकी, शारीरिक सज़ा, मानसिक पीड़ा, यौन उत्पीड़न या कार्यस्थल अथवा निवास स्थान पर आने या जाने पर अनुचित प्रतिबंध या अन्य प्रकार के डराने-धमकाने वाले कृत्य शामिल हैं. कर्मचारियों को Amazon या उसके ऑडिटरों को अपनी चिंताओं से अवगत कराने की स्वतंत्रता होनी चाहिए और सप्लायर प्रबंधन के प्रतिशोध के भय के बिना ऑडिट प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति होनी चाहिए. हम सप्लायर को भेद-भाव और उत्पीड़न विरोधी प्रशिक्षण देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं.

9. संगठन की स्वतंत्रता. Amazon हमारे सप्लायर से अपेक्षा करता है कि वे कर्मचारियों को उनके पसंद का संगठन बनाने या उनमें शामिल होने के अधिकारों का सम्मान करें. कर्मचारियों पर ऐसे कानूनी संगठनों में शामिल होने या शामिल होने से अलग रहने के उनके अधिकार के अहिंसात्मक रवैये के लिए जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए या उनके साथ उत्पीड़न या धमकाने का व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए.

## स्वास्थ्य और सुरक्षा

1. स्वास्थ्य और सुरक्षा. Amazon हमारे सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि वे कार्यस्थल पर कर्मचारियों को सुरक्षित और स्वास्थ्यपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराएँगे. सप्लायर को कम से कम, काम की परिस्थितियों से जुड़े कानूनों और Amazon की सप्लायर संहिता का पालन करना होगा.

2. काम के दौरान सुरक्षा. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कर्मचारियों के सुरक्षा जोखिमों (जैसे रसायन, यंत्रों, बिजली और ऊर्जा के दूसरे स्रोत, आग, वाहन, और गिरने का जोखिम) में पड़ने की संभावना पर निगरानी रखें और उचित डिज़ाइन, इंजीनियरिंग और प्रशासकीय नियंत्रण, सुरक्षात्मक रखरखाव और कार्यस्थल पर सुरक्षित प्रक्रियाओं (लॉकआउट/टैगआउट सहित) और चलने वाले सुरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से इन जोखिमों को पहचानें, उनका आकलन करें और उन पर नियंत्रण रखें. जहाँ जोखिमों को इन साधनों से समुचित रूप से नियंत्रित नहीं किया जा सके, वहाँ सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे कर्मचारियों को यथोचित, अच्छे रखरखाव वाले, निजी सुरक्षा के उपकरण उपलब्ध कराएँ. साथ ही यह प्रशिक्षण दें कि उन उपकरणों का उपयोग सही तौर पर कब और कैसे करना

है और इन जोखिमों से जुड़े खतरों के लिए शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराएँ. हम सप्लायर को प्रोत्साहित करते हैं कि वे कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा के उन खतरों पर निगरानी रखें जिनका असर गर्भवती महिलाओं और बच्चों का पालन करने वाली माताओं पर हो सकता है. इसके अलावा इन खतरों को कम करने के लिए उचित कदम उठाएँ और उन्हें सभी जोखिमों की जानकारी दें.

*काम के दौरान चोट और बीमारी:* सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे काम के दौरान चोट और बीमारी से बचाव करने, प्रबंधन करने और ट्रैक करने के लिए प्रक्रियाओं और सिस्टम को सक्रिय रखें जैसे कर्मचारी को चोट और बीमारी के मामलों की रिपोर्ट करने, वर्गीकरण करने और रिकॉर्ड करने के लिए प्रोत्साहित करना, आवश्यक मेडिकल उपचार उपलब्ध कराना, मामलों की जाँच करना और कारणों को दूर करने के लिए सुधार कार्रवाइयों पर अमल करना.

*औद्योगिक स्वच्छता:* हम सप्लायर को प्रोत्साहित करते हैं कि वे कामगारों के रासायनिक, जैविक और भौतिक एजेंट के संपर्क में आने के मामलों की पहचान करें, उनका मूल्यांकन करें और उन्हें नियंत्रित करें. इसमें समुचित डिज़ाइन, इंजीनियरिंग और प्रशासकीय नियंत्रणों के माध्यम से संभावित जोखिमों को दूर करना या नियंत्रित करना शामिल है. यदि कर्मचारी जोखिम वाली या खतरनाक परिस्थितियों या सामग्री के साथ काम करने वाले हैं (या संपर्क में आने वाले हैं), तो उन्हें पहले से इस बात की जानकारी और समुचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए. इसके अलावा, कर्मचारियों को समुचित निजी सुरक्षा के उपकरण दिए जाने चाहिए और ऐसे उपकरणों के उचित उपयोग की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए.

3. शारीरिक श्रम वाले कार्य. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे शारीरिक श्रम वाले कामों की निरंतर पहचान करें, जाँच करें और उन्हें नियंत्रित करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कर्मचारी का स्वास्थ्य और सुरक्षा खतरे में नहीं है.

4. आपातकाल के लिए तैयारी और प्रतिक्रिया. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है वे आपातकालीन स्थितियों की पहचान करें और उनके अनुसार योजना बनाएँ और प्रतिक्रिया देने वाले सिस्टम के साथ ही आपातकालीन रिपोर्टिंग, अलार्म सिस्टम, कर्मचारी सूचना और निकासी प्रक्रियाओं, कर्मचारी प्रशिक्षण और अभ्यास, प्राथमिक चिकित्सा सामग्री, आग का पता लगाने और बुझाने के उपकरण और बिना किसी रुकावट के बाहर निकलने की सुविधाओं की व्यवस्था रखें और इनका प्रशिक्षण अपने कर्मचारियों को दें.

5. मशीन से सुरक्षा. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे नियमित रूप से मशीनरी का रखरखाव कार्यक्रम शुरू करें. सुरक्षा जोखिमों के लिए उत्पादन वाली और अन्य मशीनरी की नियमित रूप से जाँच की जानी चाहिए. जहाँ ठीक लगे, वहाँ सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि यदि मशीनरी से कर्मचारियों को चोट का जोखिम हो तो वे उचित रखरखाव वाले नियंत्रण (जैसे गार्ड, इंटरलॉक, बैरियर) उपलब्ध कराएँ.

6. सफ़ाई व्यवस्था और आवास. कर्मचारियों को साफ़ शौचालय और पेयजल की सुविधा समुचित रूप से दी जानी चाहिए. यदि सप्लायर कैंटीन या भोजन के लिए दूसरी जगह उपलब्ध कराते हैं, तो उन्हें स्वच्छता से भोजन बनाने, उसके भंडारण और खाने की जगह की व्यवस्था भी करनी चाहिए. यदि सप्लायर अपने कर्मचारियों को आवास की सुविधा देते हैं, तो उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना चाहिए. ऐसी आवासीय सुविधाओं में आग के लिए अलार्म, आग का पता लगाने और बुझाने के उपकरण होने चाहिए और

कर्मचारियों को आपातकालीन निकासी, समुचित और सुरक्षित निजी स्थान, प्रवेश और निकास के विशेषाधिकार, स्नान के लिए गर्म पानी की उचित व्यवस्था, पर्याप्त गर्माहट और वेंटिलेशन और आवास से कार्यस्थल तक आने-जाने के लिए उचित परिवहन दिया जाना चाहिए (यदि पैदल जाने के हिसाब से दूर हो).

### पर्यावरण

1. पर्यावरण. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे पर्यावरण के लिए लागू कानूनों का पालन करेंगे; हम अपने सप्लायर को प्रोत्साहित करते हैं कि वे नियामक अनुपालन की बाध्यताओं से परे जाकर अवसरों की तलाश करें और अपने सभी संचालनों में लंबे समय तक काम करने वाली कार्यप्रणालियाँ लागू करने की दिशा में आगे बढ़ें. हम अपने सप्लायर को प्रोत्साहित करते हैं कि वे अपने सभी संचालनों में पर्यावरण पर कम से कम असर डालने वाले तरीकों (ऊर्जा का उपयोग, हवा का उत्सर्जन, ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन, कचरा, पानी, प्रदूषण, जोखिम वाली सामग्री और रिसायकलिंग) की तलाश करें.

2. ऊर्जा की खपत और ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन. हम सप्लायर को प्रोत्साहित करते हैं कि वे ऊर्जा की कार्यक्षमता बेहतर बनाने, ऊर्जा की खपत न्यूनतम करने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को घटाने के तरीकों की तलाश करें.

3. पर्यावरण संबंधी अनुमतियाँ और रिकॉर्ड रखना. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे पर्यावरण संबंधी सभी आवश्यक अनुमतियाँ, स्वीकृतियाँ और पंजीकरण प्राप्त करें और उन्हें अद्यतन रखें तथा संचालन और रिपोर्टिंग के लिए लागू आवश्यकताओं को पूरा करें.

4. जोखिम वाले पदार्थों का कारगर प्रबंधन और निपटान. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे पर्यावरण के लिए हानिकारक रसायनों और पदार्थों की पहचान करें और कारगर तरीके से उनका सुरक्षित प्रबंधन, स्थानांतरण, संग्रहण और निपटान करें, साथ ही कर्मचारियों को जोखिमपूर्ण पदार्थों के सुरक्षित प्रबंधन और निपटान का उचित प्रशिक्षण दें. सप्लायर से यह अपेक्षा भी की जाती है कि वे संचालन से उत्पन्न अपशिष्ट जल या ठोस अपशिष्ट का निपटान करने से पहले लागू कानूनों के अनुसार उनकी निगरानी करें और उन पर नियंत्रण रखें. इसके अलावा, सप्लायर को नियंत्रित वायु उत्सर्जनों को छोड़ने से पहले लागू कानूनों के अनुसार उनको चिह्नित करना चाहिए, उन पर निगरानी रखनी चाहिए और उनका उपचार करना चाहिए.

*प्रदूषण से बचाव और संसाधन में कटौती:* जब भी संभव हो, सप्लायर को ऐसे तरीके तलाशने चाहिए, जिनसे वायु उत्सर्जन, प्रदूषकों के प्रवाह और पैदा होने वाले कचरे को कम किया जा सके. हम सप्लायर को प्रोत्साहित करते हैं कि वे प्राकृतिक संसाधनों की खपत को कम करने के अवसरों की तलाश करें, जिनमें जल, जीवाश्म ईंधन, खनिज और अनछुए जंगल के उत्पाद शामिल हैं.

*जल प्रबंधन:* हम सप्लायर को प्रोत्साहित करते हैं कि वे जल प्रबंधन कार्यक्रम लागू करने के अवसरों की तलाश करें. सभी अपशिष्ट जल की पहचान की जानी चाहिए, उस पर निगरानी रखी जानी चाहिए, नियंत्रित किया जाना चाहिए और उसे छोड़ने या उसका निपटान करने से पहले कानून के अनुसार उपचार किया जाना चाहिए.

*ठोस अपशिष्ट:* सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे ठोस अपशिष्ट की पहचान करने, उसे प्रबंधित करने और उसका ज़िम्मेदार ढंग से निपटान करने या उसे रिसाइकिल करने की एक सुचारू प्रक्रिया लागू करें. हम सप्लायर को प्रोत्साहित करते हैं कि वे सभी प्रचालनों से लैंडफ़िल के लिए निकलने वाले अपशिष्ट को कम से कम करने के अवसरों की तलाश करें.

*वायु उत्सर्जन:* सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे संचालनों से हवा में उत्सर्जित किए जाने वाले वाष्पशील कार्बनिक रसायनों, एयरोसोल, संक्षारकों, कणिकाओं, ओज़ोन परत को कमज़ोर बनाने वाले रसायनों और दहन के सह-उत्पादों की पहचान करें, नियमित रूप से निगरानी करें, नियंत्रित करें और छोड़ने से पहले कानून के अनुसार उपचार करें. Amazon के अनुरोध पर, सप्लायर को बताना होगा कि इस तरह के आवश्यक वायु उत्सर्जन नियंत्रण सिस्टम ठीक तरह से काम कर रहे हैं.

## संघर्ष खनिज और भूमि के अधिकार

1. संघर्ष खनिज. Amazon ऐसे खनिज पदार्थों का उपयोग टालने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनकी वजह से कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य या उसकी सीमा से सटे किसी दूसरे देश में संघर्ष को बढ़ावा मिला है. हम सप्लायर से अपेक्षा करते हैं कि वे हमारे उत्पादों में उपयोग किए गए प्राधिकृत खनिजों की उत्पत्ति की पहचान करने के हमारे प्रयास का समर्थन करें.

2. भूमि के अधिकार. हमारे सप्लायर के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे लोगों, मूल निवासियों और स्थानीय समुदायों के भूमि के अधिकारों के सम्मान करें. Amazon के अनुरोध पर, सप्लायर और उत्पादकों को भूमि के उपयोग का कानूनी अधिकार दिखाना होगा. कृषि और वन्य भूमि के विकास और अधिग्रहण, प्रभावित स्थानीय समुदायों के साथ ही महिलाओं या मूल निवासियों और हाशिए पर पड़े दूसरे हिस्सेदारों की स्वेच्छा से और उन्हें बताकर पहले से ली गई उनकी सहमति के अधीन होते हैं.

## नैतिक आचरण

1. कोई रिश्वत नहीं. हमारे सप्लायर किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी कारण से रिश्वतखोरी में शामिल नहीं होने चाहिए, चाहे वे सरकारी अधिकारियों के साथ काम कर रहे हों या निजी क्षेत्र के साथ. इसके तहत कोई भी गैर-वाजिब या अनुचित लाभ हासिल करने या पहुँचाने की नीयत से किसी भी व्यक्ति को किसी भी कारण से मूल्यवान वस्तु देने की पेशकश करना, वादा करना, वास्तव में देना या स्वयं मूल्यवान वस्तु स्वीकार करने जैसे कृत्य शामिल हैं. हमारे सप्लायर को चाहिए के वे Amazon के कर्मचारियों को हमारी व्यावसायिक आचार संहिता और नीति का उल्लंघन करने के लिए न उकसाएँ।

2. भ्रष्टाचार रोधी. सप्लायर को यूनाइटेड स्टेट्स फ़ॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट और यूनाइटेड किंगडम ब्राइबरी एक्ट सहित, लागू भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का अनुपालन करना होगा और वे कभी भी Amazon की ओर से किसी सरकारी अधिकारी को रिश्वत नहीं देंगे. सप्लायर सरकारी अधिकारियों को कोई अनुचित काम करने के लिए उकसाने या अनुचित काम करने के बदले इनाम देने के लिए उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी मूल्यवान चीज़ की पेशकश नहीं कर सकते, दे नहीं सकते या देने का वादा नहीं कर सकते. प्रतिबंधित भुगतान में नकद या नकदी के समतुल्य, उपहार, भोजन, और मनोरंजन सहित कई चीज़ें शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक

सीमित नहीं हैं. इस प्रावधान की व्यावहारिकता से संबंधित कोई भी प्रश्न या इस प्रावधान के अपवाद, Amazon के विधि विभाग को भेजे जाने चाहिए.

3. शिकायत प्रणाली और व्हिसलब्लोअर सुरक्षा. सप्लायर को कर्मचारी व्हिसलब्लोअर की गोपनीयता की सुरक्षा करनी होगी और कार्यस्थल के संबंध में शिकायत करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध प्रतिशोध को प्रतिबंधित करना होगा. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि उन्हें कर्मचारियों के लिए शिकायतों की गोपनीय और गुमनाम रूप से सूचना देने की एक प्रणाली बनानी होगी और कर्मचारी की समस्याओं की जाँच और समाधान के लिए एक सफल प्रक्रिया बनाए रखनी होगी. सबकॉन्ट्रैक्टर द्वारा काम पर रखे गए कर्मचारियों के लिए एक कारगर प्रणाली होनी चाहिए जिसकी सहायता से वे अपनी समस्याओं को सबकॉन्ट्रैक्टर से ऊपर प्रबंधन टीम की जानकारी में ला सकें.

4. पारदर्शिता. Amazon सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि वे काम की स्थितियों (जैसे वेतन और काम के घंटों का रिकॉर्ड) का पूरा और सही रिकॉर्ड रखें और उसका रखरखाव करें. जहाँ इस सप्लायर संहिता की आवश्यकताओं के अनुसार सप्लायर के अनुपालन को दिखाना ज़रूरी हो, वहाँ सप्लायर के श्रम, स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा पर्यावरण संबंधी व्यवहार जैसी जानकारी को लागू नियमों के अनुसार और Amazon के अनुरोध पर प्रकट करना होगा. Amazon रिकॉर्ड की जालसाज़ी या सप्लाय चेन में स्थितियों या कार्यप्रणाली को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की इजाज़त नहीं देगा.

## प्रबंधन प्रणालियाँ

1. प्रबंधन प्रणालियाँ. Amazon सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि वे निरंतर बेहतरी के लिए एक प्रबंधन प्रणाली को अपनाएँ और लागू कानूनों और इस सप्लायर संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करें.

*प्रबंधन की जवाबदेही और जिम्मेदारी.* Amazon हमारे सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि उन्होंने प्रबंधन प्रणालियों और कार्यक्रमों को लागू करने के लिए उत्तरदायी प्रतिनिधियों को नियुक्त किया है, जो लागू कानूनों के साथ ही इस सप्लायर संहिता के अनुपालन की निगरानी करेंगे. वरिष्ठ प्रबंधन को नियमित रूप से प्रबंधन प्रणालियों और कार्यक्रमों की समीक्षा और आकलन करना चाहिए.

*जोखिम प्रबंधन.* Amazon हमारे सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि उन्हें अपने संचालन और श्रम कार्यप्रणालियों से जुड़े पर्यावरण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और कानून संबंधी जोखिमों की पहचान के लिए एक प्रक्रिया तैयार करनी चाहिए. इसके अतिरिक्त, प्रबंधन को पहचाने गए जोखिमों को नियंत्रित करने और कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रक्रियाएँ विकसित करनी चाहिए. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने संचालनों, सप्लाय चेन, और सबकॉन्ट्रैक्टरों पर इन मानको को लागू करें और निगरानी रखें. इसके अलावा वे हमारी सप्लायर संहिता में दर्शाई गई हमारी और हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने या उससे कहीं बेहतर करने के लिए सुधार करें. हम सप्लायर को प्रोत्साहित करते हैं कि वे अपने जोखिमों की लगातार जानकारी लेते रहें, खासकर वे जोखिम जो संवेदनशील समूहों से जुड़े हैं, जैसे महिलाएँ, प्रवासी कर्मचारी और मूल निवासी.

2. प्रशिक्षण. Amazon हमारे सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि वे हमारी सप्लायर संहिता में दिए गए मानकों को लागू करने और लागू कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रबंधकों और कर्मचारियों के लिए समुचित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाते रहें.

3. संवाद और कर्मचारी की प्रतिक्रिया. Amazon हमारे सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि वे कर्मचारियों को Amazon नीतियों, कार्यप्रणालियों और अपेक्षाओं के बारे में स्पष्ट और सही जानकारी और प्रशिक्षण दें. Amazon हमारे सप्लायर को प्रोत्साहित करता है कि वे अधिकारों और ज़िम्मदारियों के बारे में कर्मचारियों की समझ को जानने की प्रक्रिया लागू करें और उन्हें कर्मचारी प्रबंधन समितियों या ऐसे ही मंच के माध्यम से सार्थक तरीके से बांधे रखें. Amazon सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि वे ऐसी जगह पर शैक्षणिक सामग्री लगाएँ जहाँ उनके कर्मचारी देख सकें और सामग्री का अनुवाद स्थानीय भाषा (भाषाओं) में करें, कर्मचारियों को मुख्य मुद्दों के जोखिमों के लिए प्रशिक्षित करें और कर्मचारियों को उनके अधिकारों की सूचना दें या प्रशिक्षण दें. सप्लायर को अशिक्षा की समस्याओं के प्रति सजग रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिए जाएँ.

4. दस्तावेज़ और रिकॉर्ड. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे लागू कानूनी आवश्यकताओं के साथ ही और निजता की सुरक्षा के लिए समुचित गोपनीयता के पूर्ण अनुपालन में व्यवसाय के रिकॉर्ड बनाएँ, संभालकर रखें और निपटान करें. सभी संचालनों के पास एक मान्य व्यवसाय लाइसेंस होना चाहिए; सभी कानूनी आवश्यकताओं की समीक्षा और अनुपालन के लिए सप्लायर उत्तरदायी हैं और इनके पास संचालन आवश्यक अनुमतियाँ (जैसे स्वास्थ्य और सुरक्षा की अनुमतियाँ, अधिकार की अनुमतियाँ आदि) और ज़रूरी लाइसेंस भी होने चाहिए.